भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:www.bsgmp.net E_mail:bsgmadhypradesg@gmail.com Phone ☏: 2661263, Fax: 2737446

क्र0/9734/रामु/गति–गावि/2014 भोपाल, दिनांक 2/7/2014

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग
पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड)
जिला ....

विषय :– स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता स्काउट व गाइड विभाग ।

–0–

उपरोक्त विषय में लेख है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में इस आंदोलन के विकास की दृष्टि से एवं सभी कार्यक्रमों में एकरूपता, एवं निर्धारित लक्ष्य–पूर्ति को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तर पर स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।

जिलों में मात्र संख्यात्मक ही नहीं वरन सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छे कार्य कर रहे है तथा सामुदायिक विकास योजना के माध्यम से समाज में लोकप्रियता प्राप्त कर रहें है किन्तु उचित प्रस्तुतीकरण न होने होने के कारण प्रदेश स्तर तक जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है । सम्पूर्ण गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया है ।

प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

1	**प्रतियोगिता का नाम**	1. स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता स्काउट विभाग 2. स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता गाइड विभाग
2.	**क्षेत्र**	प्रदेश के सभी निर्वाचित जिला संघ जो गत सत्र तक राज्य संघ से पंजीकृत है ।
3.	**अवधि**	दिनांक 01 जुलाई से 30 जून तक
4.	**प्रतिवेदन प्रेषण तिथि**	जिला संघ 31 जुलाई 2014 तक क्षेत्रीय मुख्यालय को पूर्ण लॉगबुक विवरण प्रमाणीकरण के साथ स्काउट व गाइड विभाग की पृथक–पृथक लॉगबुक प्रेषित करेंगें । क्षेत्रीय मुख्यालय क्षेत्र स्तर पर समिति के द्वारा चयन कर दिनांक 15 अगस्त 2014 तक राज्य मुख्यालय अनिवार्य रूप से प्रेषित करेंगें ।
5.	**लॉगबुक साईज**	निर्धारित प्रोफार्मा में लॉगबुक 10''X15'' इंच की साईज में तैयार कर भेजेगे
7.	**निर्णायक मण्डल**	राज्य स्तर पर 5 सदस्यों निर्णायक मण्डल द्वारा निर्णय दिया जावेगा । उक्त निर्णायक दलों का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा ।
8.	**पुरस्कार**	600 अंकों में जो न्यूतम 60 प्रतिशत अथवा अधिकतम अंक प्राप्त करने पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय दोनो विभाग को पृथक–पृथक पुरस्कार दिया जावेगा
9.	**पुरस्कार वितरण**	राज्य स्तर पर राज्य पुरस्कार समारोह के समय दिया जावेगा
10	**विषय क्षेत्र एवं अंक**	

क्रम	**विषय क्षेत्र**	**पूर्णांक**
1.	संख्यात्मक विकास	50
2.	प्रौढ़ प्रशिक्षण के विकासात्मक क्रम	100

3.	प्रौढ़ प्रशिक्षण के नेतृत्व	70
4.	बालक–बालिका कार्यक्रम	90
5.	सामुदायिक विकास आधारित कार्यक्रम	50
6.	सामुदायिक विकास योजना	40
7.	कार्यक्रम जिला व संभाग स्तरीय सहभागिता	40
8.	राज्य/राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता	50
9.	समाज में कार्यो के प्रत्यख व प्रतिबिम्ब के प्रयास	20
10.	आय स्त्रोत वृध्दि के प्रयास	15
11.	अन्य प्रमुख उपलब्धियां	15
12.	प्रशिक्षण केन्द्रों का विकास	15
13.	संगठन की प्रशासनिक व्यवस्था	15
14.	अन्य संस्थाओं के साथ समन्वय	15
15.	विशेष प्रशिक्षण शिविरों में सहभागिता	15
	कुल पूर्णाक अंक	600 अंक

राज्य सचिव 2/7/14
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्र0/9735 /रामु/गति–गावि/2014 भोपाल, दिनांक 2/7 /2014

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश गौतम नगर भोपाल
2. आयुक्त, आदिवासी विकास मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल ।
3. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ....(म0प्र0)
4. संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास ....(म0प्र0)
5. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) क्षेत्रीय मुख्या0 ....(म0प्र)
6. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) जिला संघ ....(म0प्र0)

राज्य सचिव 2/7/14
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश